हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, जून 21, 2024

14 पुलिस ने 1000 युवाओं को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ



14 बलराज हत्याकांड में अन्य तीन आरोपी धरे



## खबर संक्षेप

### सूलीखेड़ा के पशु बाड़े से हजारों के पशु चोरी

**फतेहाबाद।** गांव सूलीखेड़ा स्थित पशु बाड़े से अज्ञात चोर हजारों के पशु चोरी कर ले गए। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। भट्टूकलां पुलिस को दी शिकायत में हरफूल सिंह निवासी सूलीखेड़ा ने कहा है कि वह भेड़-बकरी पालन का काम करता है। गत दिवस रात को उसने अपनी सारी भेड़-बकर्यिों को गांव के शेखुपुर रोड स्थित पशु बाड़े में रोका था। सुबह जब वह पशु बाड़े में गया और पशुओं की गिनती की तो पाया कि वहां से 5 भेड़ व 3 मेमने गायब थे।

### लाइब्रेरी के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** शहर में बरनाला रोड स्थित लाइब्रेरी के बाहर से चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव भरोखां निवासी गुरप्रीत ने बताया कि वह बीती 17 जून को सिरसा में लाईब्रेरी में आया था। मोटरसाइकिल बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो मोटरसाइकिल गायब मिली। उ

### जाखल में घर के बाहर से बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने जाखल में घर के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में जाखल निवासी राधेश्याम ने कहा है कि गत दिवस उसने अपने मोटर साइकिल को घर के बाहर खड़ा किया था और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसकी मोटरसाइकिल गायब थी।

### हत्या के आरोप में कई पर केस दर्ज

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने पति की हत्या के आरोप में पत्नी व कुछ अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयानों में बठिंडा निवासी ऊषा ने बताया कि 3 साल पूर्व उसके बेटे योगेश की शादी हरबंस कौर उर्फ ज्योति निवासी बठिंडा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही हरबंस कौर उसके बेटे को परेशान कर रही थी। कुछ समय बाद वह योगेश के साथ झगड़ा कर सिरसा आकर रहने लग गई और आरकेस्ट्रा का काम करती थी।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक सवार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** आदमपुर से चोरी हुए मोटरसाइकिल सहित एक युवक को फतेहाबाद पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार थाना सदर फतेहाबाद के अंतर्गत आने वाली बड़ोपल पुलिस चौकी की टीम एएसआई हरनेक सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव खाराखेड़ी से कुम्हारिया रोड पर मौजूद थी।


## योग दिवस की तैयारियों के लिए सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों में प्रतियोगिताएं आयोजित

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिलेभर में दिखा उत्साह, कैंप लगाकर दिया प्रशिक्षण

### फतेहाबाद में दुड़ाराम, रतिया में नापा और टोहाना में सुभाष बराला होंगे मुख्यअतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग हरियाणा के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को स्थानीय एमएम कॉलेज के प्रांगण में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा खंड स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष योग स्वयं और समाज के लिए थीम विषय पर रहेगा। जिला व खंड स्तर पर 21 जून को सुबह 6 बजे योगाभ्यास शुरू हो जाएगा। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि खंड फतेहाबाद में जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय एमएम कॉलेज में आयोजित करवाया जाएगा, जिसमें फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम मुख्यातिथि होंगे। इसके अलावा खंड स्तर पर टोहाना में अनाज मंडी में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में रा'यसभा सांसद सुभाष बराला, रतिया में अनाज मंडी में विधायक लक्ष्मण नापा, भट्टू कलां में अनाज मंडी में नगर परिषद चेयरमैन राजेंद्र, भूना में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नगरपालिका चेयरपर्सन अर्पणा पसरीजा, जाखल में अनाज मंडी में नगर परिषद चेयरमैन नरेश बंसल तथा खंड नागपुर में पीएम श्री राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किए जाने वाले योग दिवस कार्यक्रम में जिला परिषद की चेयरपर्सन सुमन खिचड़ मुख्यातिथि होंगी। डीसी राहुल नरवाल ने जिला की सभी धार्मिक-सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व जिला वासियों से आग्रह किया है कि वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के दिन आयोजित होने वाले योग शिविर में अवश्य भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा है और योग करने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक शांति भी मिलती है। उपायुक्त ने कहा कि योगाभ्यास ताउम्र स्वस्थ रहने का मूल मंत्र है। भारत वर्ष में प्राचीन काल से ही योगा का विशेष महत्व रहा है और इसी वजह से ही भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिली है।



फतेहाबाद। योग दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय आईटीआई, भोडिया खेड़ा में विभिन्न प्रतियोगिताओं मे भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सभी बढ़-चढ़ कर करें भागीदारी: विवेक कुमार

**सिरसा।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति सिरसा द्वारा संचालित 22 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के जिला मीडिया प्रभारी विवेक कुमार शर्मा ने दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी व कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करें। शर्मा ने कहा कि अगर आप पूर्णतः स्वस्थ हैं तो जीवन के सभी सुखों की अनुभूति बड़ी ही सहज होगी। ऐसा तभी संभव है, जब आप अपने शरीर व मन को समय देंगे और नियमित रूप से अभ्यास करेंगे, जो सहज ही आपको घर-घर, गली-गली, पार्क-पार्क में निःशुल्क उपलब्ध है। आपको सुबह, शाम जब भी समय मिले अपने जीवन में योग रूपी गंगा को सम्मिलित करें। योग का अभ्यास करें। प्रतिदिन व्यायाम के साथ कपालभाती एवं प्राणायाम को शामिल कर अपने मानसिक एवं शारीरिक बल को मजबूत करें। ये कार्य स्वामी रामदेव, योगाचार्य एवं आयुर्वेदाचार्य बालकृष्ण योगी की अथक मेहनत से व देश का सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व करने वाले योगी के प्रयास से संभव हुआ। उन्होंने कहा कि हम सब मिल कर उन सात्विक शक्तियों को कोटि-कोटि प्रणाम करें, जन्हिोंने पूरे वश्विभर में योग को भारत की देन के रूप में स्थापित करवाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर शिविर में राज्य प्रभारी चंद्रपाल ने देश के सभी योग बंधुओं को संकल्प लेने के लिए आह्वान किया कि योग को इस प्रकार प्रचारित करें, जिससे कोई भी व्यक्ति बिना दवाई लिए स्वयं को स्वस्थ बना लें। इस अवसर पर जिला प्रभारी जय प्रकाश, प्रेम शर्मा, श्याम लाल, समाज सेवी अमर सिंह आरे वाले, हरदयाल बेरी, वीरेंद्र नागपाल, नानू राम, हजारी लाल, सुमन सचदेवा, रजनी बंसल, सुमन, जागृति, परवीन भारद्धाज, देवी लाल, मनप्रीत कौर, प्राचार्य केवल कृष्ण, रमेश सेठी, सुमन रानी सभी ने भरपूर समर्थन किया व योग करने का संकल्प लिया।



### योग दिवस पर राजकीय आईटीआई में हुई प्रतियोगिताएं

**फतेहाबाद।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, केन्द्रीय संचार ब्यूरो हिसार के द्वारा योग दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में चित्रकला, स्लोगन व मौखिक प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के 122 छात्र व छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में जमुना पुत्री विक्रम, दिनेश पुत्र सुभाष, सुदाम हुसैन पुत्र जाकीर हुसैन व टेक सिंह पुत्र राजेश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में काजल पुत्री जंगीर सिंह, दिनेश पुत्र सरजीत सिंह, काजल रानी पुत्री खजान सिंह व दीपक पुत्री राम किशन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान तथा मौखिक प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में प्रियंका, सुरज, अकिंत कुमार, आरती, तरसेम कुमार, राहुल कुमार, नवीन कुमार, गोविन्दा, तमन व पवन कुमार ने बाजी मारी। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, केन्द्रीय संचार ब्यूरो हिसार से नोडल अधिकारी दौलतराम, राजकीय आईटीआई, भोडिया खेड़ा के वर्ग अनुदेशक सुधीर कुमार वर्ग, एसएसए हिंदी अनुदेशक कविता देवी, आरएसी अनुदेशक विरेन्द्र कुमार, फिटर अनुदेशक बलवान सिंह, वायरमैन अनुदेशक राजेन्द्र सिंह, ईएस अनुदेशक पिंकी तथा पेंटर अनुदेशक महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

■ विद्यार्थियों को जीवन में योग अपना कर शरीर स्वस्थ रहने की शपथ दिलाई

### भट्टू के मॉडल संस्कृति स्कूल से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने भट्टूकलां के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में घुसकर हजारों का सामान चोरी कर लिया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण स्कूल बंद है। जैसे ही स्कूल प्रिंसीपल को चोरी का पता चला तो उन्होंने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रिंसीपल रजनीश कुमार ने कहा है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण 28 मई से स्कूल बंद है। विद्यालय में चौकीदार भी नहीं है। नॉन वोकेशनल स्टाफ सदस्य अवकाश के दौरान भी ऑफिस कार्य के लिए विद्यालय में आते है। गत दिवस नॉन वोकेशनल स्टाफ देवेन्द्र व शारदा क्लर्क विद्यालय में पहुंचे तो देखा कि विद्यालय के कमरा नं. 8 का ताला टूटा हुआ था।

### पहले घर में की चोरी फिर लगाई आग

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव वैदवाला में चोरों ने बंद मकान में पहले चोरी की घटना को अंजाम दिया और उसके बाद आग लगा दी। आगजनी में काफी सामान जलकर नष्ट हो गया। आसपास के लोगों ने दमकल विभाग को सूचित कर आग पर काबू पाया और मकान मालिक को सूचित किया।पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक गुरमेज सिंह ने बताया कि बीती 17 जून की सुबह वह सपरिवार श्रीअमृतसर साहिब गया था। पीछे से चोरों ने मकान में घुसकर पहले तो अलमारी से 2 तोले की सोने की चेन, 2 चांदी के कड़े, छोटे बच्चे के 2 हाथ व 2 पैर के कड़े व एक गले की चेन और 21000 रुपए की नकदी चुरा ली। इसके बाद घर में आग लगा दी। आगजनी में काफी सामान जलकर नष्ट हो गया। आसपास के लोगों ने आग को देखकर दमकल विभाग को सूचित किया और खुद में आग बुझाने में जुट गए।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**डिंग।** क्षेत्र के गदली रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से नहरी विभाग में कार्यरत बाइक सवार कैनाल गार्ड की मौत हो गई है। सुबह परिजनों को घटना के बारे में पता चला, जिस पर मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस को दिए बयानों में गांव शेरपुरा निवासी रामनिवास ने बताया कि उसका भाई कैनाल गार्ड नियुक्त था और उसकी ड्यूटी बनमंदोरी माइनर पर थी। रात को वह ड्यूटी पर गया था। अलसुबह घर आते समय गदली रोड पर उसके बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक सहित सडक़ पर जा गिरा और संभाल न होने के कारण उसकी मौत हो गई। सुबह उन्हें इस बारे में पता चला जिस पर तुरंत मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर डीसी से मिला किसान सभा का शिष्टमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नीट परीक्षा में हुई धांधली के मामले में उच्च स्तरीय जांच करवाकर छात्रों को न्याय दिलवाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा का शिष्टमंडल आज जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में जिला उपायुक्त राहुल नरवाल से मिला और उन्हें राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल में विष्णुदत्त शर्मा के साथ जगतार सिंह, केवल सिंह, अमर सिंह, सुभाष भादू, रोहताश डूडी, साधूराम, मांगेराम, मा. हनुमान, वजीर सिंह सिहाग, अमर सिंह तलवाड़ा, रिछपाल भादू, साधुराम सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे। राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में किसान सभा ने कहा है कि देश में 5 मई को 4750 केन्द्रों पर करीब 24 लाख छात्रों के लिए आयोजित की गई नीट परीक्षा कथित पेपर लीक और विवादास्पद ग्रेस पार्क्स के कारण जांच के घेरे में है। केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वह 1500 से ज्यादा छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स को रद्द कर देगा और दोबारा परीक्षा करवाने के लिए तैयार है। विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि यह परीक्षा देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा है और देश के लाखों भविष्य का सपना है लेकिन इस परीक्षा में पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने की पूरी कोशिश की गई लगती है। गरीब छात्र दिन-रात मेहनत करके भी इस दौड़ में पिछड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया गया है। अगर ऐसे पैसे देकर डॉक्टर बनने वाले लोग मरीजों का कैसे उपचार करेंगे, यह गंभीर चिंता का विषय है।



फतेहाबाद। नीट परीक्षा में धांधली के मामले को लेकर डीसी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते किसान सभा का शिष्टमंडल। फोटो : हरिभूमि

### युवती ने ब्लैकमेल कर हजारों रुपये ऐंठे

**फतेहाबाद।** वीडियो कॉल कर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का एक ओर मामला सामने आया है। इस बार बिजली निगम का कर्मचारी इस ठग गिरोह का शिकार बना और हजारों रुपये गंवा बैठा। इस बारे पीड़ित कर्मचारी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने अज्ञात लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मल्हड़ निवासी जनवीर सिंह ने कहा है कि वह बिजली विभाग में एएलएम के पद पर हांसपुर में तैनात है। कुछ दिन पूर्व उसके मोबाइल पर व्हाट्सअप कॉल आई और कुछ समय बाद वीडियो कॉल आई। जैसे ही उसने वीडियो कॉल अटैंड की तो युवती ने उसकी वीडियो बना ली और बाद में उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। युवती ने उसे ब्लैकमेल करते हुए कहा कि वह उसके खाते में 25 हजार रुपये डाल दें नहीं तो वह उसकी वीडियो को वायरल कर देगी।

## सरकार ने 14 फसलों का एमएसपी बढ़ा किसानों को दी सौगात : लांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



भीम लाम्बा

■ भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार का जताया आभार

भाजपा किसान मोर्चा, फतेहाबाद के जिलाध्यक्ष भीम लांबा ने खरीफ की 14 फसलों का एमएसपी यानि न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने पर केंद्र सरकार का आभार जताया है। भीम लांबा ने कहा कि केंद्र सरकार ने 14 फसलों का एमएसपी बढ़ाकर किसानों को सौगात दी है, इससे किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने बताया कि धान का एमएसपी 117 रुपये प्रति क्विंटल तथा नरमा का 501 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया है, जिले में ये दोनों फसलें अधिक होती हैं इसलिए इसका सीधा लाभ जिले के किसानों को मिलेगा। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसानों की सच्ची हितैषी सरकार है। सरकार ने जहां किसानों को उचित समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद सुनिश्चित की है, वहीं किसानों को अच्छे बीज, किटनाशक व उपकरण उपलब्ध करवाए है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में सरकार का गठन करते हुए उन सभी रचनात्मक सुझावों पर काम किया और किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की। भीम लांबा ने कहा कि जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार आई है किसानों के हितों में अनेक फैसले हुए है।

## कमीशन कमाने का लालच पड़ा महंगा, 6 लाख 85 हजार गंवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ ऑनलाइन पैमेंट ट्रांसफर के चक्कर में आया युवक

■ साइबर अपराध के मामले आए दिन आ रहे सामने, नहीं लग रही लगाम

ऑनलाइन पैमेंट ट्रांसफर कर प्रॉफिट कमाने का लालच टोहाना के एक युवक को काफी महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने युवक को अपना शिकार बनाते हुए उससे 6 लाख 85 हजार रुपये ऐंठ लिए। अब पीड़ित युवक ने पुलिस को शिकायत देकर ठगों पर कार्रवाई की मांग की है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में प्रेम नगर टोहाना निवासी कशिश बंसल ने कहा है कि उसका एचडीएफसी बैंक में अकाऊंट है जोकि गुगल पे से लिंक है। उसकी माता गरिमा बंसल का अकाऊंट भी गुगल पे से लिंक है जोकि लेन-देन के लिए वही इस्तेमाल करता है। 14 जून दोपहर को उसके टेलीग्राम अकाउंट पर ई-वे के एक गुरप में मैसेज आया, जिन्होंने कुछ टास्क पूरा करने पर प्रॉफिट देने का झांसा दिया। वह भी इनके झांसे में आ गया और कुछ टास्क पूरा होने पर आरोपियों ने उसके पास 50-50 व 100-100 रुपये भेजे। इसके बाद इन लोगों ने उसे पैमेंट ट्रांसफर करने पर 30 प्रतिशत तक के लाभ का लालच दिया। वह इनकी बातों में आ गया। इसके बाद इन लोगों ने उससे अलग-अलग गुगल पे खातों में रुपये डलवाए। इस तरह इन लोगों ने ठगी व जालसाजी करते हुए उससे कुल 6 लाख 85 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद भी जब उसके रुपये वापस नहीं आए तो उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला।

## भाजपा के पुराने केडर के युवा नेताओं को जगी टिकट की आस, बिखरी नजर आएगी कांग्रेस

# विधानसभा चुनाव में लोकसभा से बदले नजर आएंगे हालात

सुरेन्द्र असीजा/फतेहाबाद

लोकसभा चुनावों में फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की हुई 22 हजार से ज्यादा वोटों से हार के बाद भाजपा के पुराने कैडर के नेताओं को टिकट की आस जगी है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के लोकल नेतृत्व में पुराने दरकिनार किया तो अब विधानसभा चुनाव में वही नेता टिकट की दौड़ में प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।

रही बात कांग्रेस की तो फतेहाबाद विस से कांग्रेस में टिकट के लिए एक ही समुदाय के कई नेताओं में आपस में कम्पीटिशन है। दोनों ही मुख्य पार्टियों में शहर में एक 'बड़ा आधार' रखने वाले पंजाबी समुदाय का कोई नेता नजर नहीं आ रहा। आगामी विधानसभा चुनाव में चार पार्टियों के बीच मुकाबला है। लोकसभा चुनाव में जजपा व इनेलो को जो मत मिले, उसके बाद पब्लिक को लगता है कि भाजपा व कांग्रेस ही दो मुख्य पाटियों में टक्कर रहेगी। दोनों में बड़ी बात यह है कि कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनावों में जनता ने स्वयं इलैक्शन लड़ा, जिसके बाद अब विधानसभा चुनाव में नहीं लगता कि कांग्रेस लोकसभा चुनावों के आसपास भी टिक पाएगी। बात वोटों की नहीं हो रही, बात है वर्करी की। जिस तरह से लोगों ने स्वेच्छा से कांग्रेस के पक्ष में वोट डाले या डलवाए, वैसी पॉजिशन विधानसभा में नहीं होने वाली।

लोकसभा में एकजुट होकर चुनाव लड़ने वाले नेता बिखरे नजर आएंगे, इसमें कोई दोराय नहीं है। भाजपा की बात करें तो यहां लोकसभा चुनाव में वह चुनाव लड़े ही नहीं, अब जो नेता चुनाव लड़ेगा, वह भाजपा व मोदी के चेहरे पर ही वोट मांगेगा। मुख्य कारण यह है कि यहां भाजपा ने 10 साल में कोई काम नहीं करवाया। लोकसभा चुनावों में फतेहाबाद विधानसभा में भाजपा को कांग्रेस ने 22 हजार से अधिक मतों से पराजित किया। भाजपा के अंदरूनी सूत्र यह कहते हैं कि विधायक की 'नई भाजपा' की देन है। इसका रोना पुराने केडर के कार्यकर्ताओं ने पार्टी की समीक्षा बैठक में लोकसभा कलस्टर प्रभारी राव नरवीर सिंह के सामने भी रोया। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि लोकसभा चुनावों में पुराने कार्यकर्ताओं को पूछा नहीं गया और बिना जनाधार वाले कार्यकर्ताओं को साथ जोड़कर चुनाव लड़ा गया। इसी मिसमैनेजमेंट के चलते भाजपा को हार मिली। हालांकि स्थानीय भाजपा विधायक दुड़ाराम के कद का नेता भाजपा के पास अब भी नहीं है। मगर ऐसा नहीं है कि भाजपा के पास चुनाव लड़ने लायक नेता नहीं है। हाल ही में चेयरमैन बने युवा नेता वेद फुलां, भारत भूषण मिढ़ा, राजपाल बैनीवाल, प्रवीन जोड़ा का प्रमुख रूप से दावेदार माने जा रहे हैं।



फतेहाबाद। कांग्रेस टिकट के चाहवान, भाजपा टिकट के चाहवान। फोटो : हरिभूमि

### विधानसभा के सियासी रण में लगी लंबी कतार

वेद फुलां फतेहाबाद के बीजेपी जिला प्रधान रह चुके हैं। कैथल के प्रभारी के साथ इस लोकसभा चुनाव में सिरसा लोकसभा के प्रभारी का दायित्व निभा चुके हैं। इसके अलावा भारत भूषण पिछले चुनावों में भी टिकट के प्रबल दावेदार थे। राजपाल बैनीवाल पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के नजदीकी है। फतेहाबाद विधानसभा सीट से कांग्रेस में टिकट के लिए दावेदारों की लंबी कतार है लेकिन सभी एक ही समुदाय से है। कोई हुड्डा गुट से तो कोई सैलजा गुट से। अब सिरसा लोकसभा से सैलजा की जीत के बाद इस गुट के नेता यहां से अपनी टिकट पक्की मानकर चल रहे हैं। कांग्रेस कल्चर की मानें तो हुड्डा ने कभी भी अपने विरोधियों को टिकट वितरण में बाजी नहीं मारने दी। इसकी झलक वे लोकसभा चुनावों में भी दिखा चुके हैं।

जागरूकता / रजनी अरोड़ा

बच्चों, नित्य आसन और प्राणायाम करने से हम शारीरिक रूप से स्वस्थ ही नहीं रहते, दिमागी रूप से भी मजबूत बनते हैं। योग हमारे लिए कितना उपयोगी है, इन्हें तुम कैसे करो, बता रहे हैं **योग गुरु सत्य नारायण यादव**।



# योगाभ्यास करो हमेशा स्वस्थ-निरोगी रहो

बच्चों, योग हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा मानव को दिया ऐसा वरदान है, जिसके नियमित और नियमपूर्वक अभ्यास से हम अपने तन और मन को स्वस्थ, निरोग और बलवान बना सकते हैं। अगर बच्चे अपनी नन्ही उम्र में ही योगाभ्यास शुरू कर दें तो उनके शरीर में गुड हार्मोंस और एनर्जी का फ्लो अधिक होगा। योग हमें फिजिकली, मेंटली और इमोशनली स्ट्रॉन्ग बनाता है। बच्चों जानो, अपने लिए कुछ उपयोगी योगासनों के बारे में। साथ ही इन्हें करने के नियम और इनसे होने वाले लाभ के बारे में भी जानो।

## ताड़ासन : शारीरिक विकास में सहायक

**अधिकांश आसन** हमारे शारीरिक विकास में बहुत सहायक होते हैं। विशेष तौर पर ताड़ासन, लंबाई बढ़ाने में सहायक होने के साथ-साथ शरीर के विभिन्न अंगों में बैलेंस बनाने में भी सहायक होता है। बढ़ती उम्र के बच्चों के लिए यह आसन बहुत ही लाभदायक है।

**ताड़ासन की विधि :** सबसे पहले दोनों पैर मिलाकर बिल्कुल सीधे खड़े हो जाओ। दोनों हाथ सामने लाओ और अंगुलियों को एक-दूसरे में फंसाकर लॉक कर लो। गहरी सांस लेते हुए हाथों को सिर के ऊपर ले जाओ। अब पंजों के बल उठो और हाथों को ऊपर की तरफ खींचो। इस पोजीशन में कुछ सेकेंड सांस रोक कर रखो, फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए हाथ नीचे ले आओ और सीधे खड़े हो जाओ। *

## शशांक आसन, उष्ट्रासन : बढ़ती है शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी

**ये आसन** नियमित करने से शरीर लचीला बनता है, मसल्स मजबूत होती हैं। स्पाइनल कॉर्ड को फ्लेक्सिबल बनाने के लिए शशांक आसन और उष्ट्रासन बहुत उपयोगी हैं। ये आसन करते हुए खून का प्रवाह नियमित होता है। खून का प्रवाह बढ़ने से बच्चों में आंखें कमजोर होने की समस्या दूर होती है, साथ ही मेमोरी भी बढ़ती है।

**शशांक आसन की विधि :** शशांक आसन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में बैठ कर हाथ पीछे ले जाकर बाएं हाथ से दाएं हाथ को पकड़ो। धीरे-से गहरी सांस लो और सांस छोड़ते हुए घुटने की ओर आगे झुको। 3-4 मिनट इसी अवस्था में रुको। धीरे-धीरे सांस लेते हुए वापस वज्रासन वाली पोजिशन में आ जाओ।

**उष्ट्रासन करने की विधि :** उष्ट्रासन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में घुटने के बल खड़े हो जाओ। हाथों को पैरों की एड़ियों पर रखकर शरीर को धीरे-धीरे पीछे ले जाओ और गर्दन को पीछे की ओर लेकर जाओ। इस पोजिशन में 5-6 सेकेंड रुको। धीरे-धीरे वापस वज्रासन की पोजिशन में आ जाओ। *





## वज्रासन : पॉश्चर ठीक रखने में मददगार

**पढ़ते समय** झुक कर पढ़ने की आदत से बच्चों के स्पाइनल कॉर्ड पर असर पड़ता है। इससे बॉडी का पॉश्चर खराब हो जाता है, गर्दन और कमर में दर्द रहने लगता है और नजर भी कमजोर हो जाती है। वज्रासन करने से खराब पॉश्चर और उनसे होने वाली समस्याओं से बचा जा सकता है। वज्रासन से स्पाइनल कॉर्ड सीधी रहती है।

**वज्रासन की विधि :** सबसे पहले योगा मैट पर घुटने के बल बैठ जाओ। दोनों पैरों के अंगूठे को एक-दूसरे से स्पर्श कराओ और एड़ियां थोड़ी खुली रखकर उस पर बैठ जाओ। अपने दोनों हाथ, पैरों के घुटने पर रखो। कुछ देर इसी अवस्था में बैठे रहो। इस दौरान नजरें सामने और रीढ़ की हड्डी बिल्कुल सीधी रखो। अधिकांश आसन खाली पेट किए जाते हैं लेकिन इस आसन को तुम खाना खाने के बाद भी कर सकते हो। *

## प्राणायाम : बढ़ता है कंसंट्रेशन और मेमोरी पॉवर

**बच्चों, अगर** तुम आसन और प्राणायाम का नियमित अभ्यास करोगे, तो इससे तुम्हारी मेमोरी भी शार्प होगी, साथ ही तुम्हारा कंसंट्रेशन लेवल भी बढ़ेगा। एक रिसर्च के मुताबिक स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों में मायोपिया (नजर कमजोर होना) की समस्या को दूर करने के लिए रोजाना 15 मिनट अनुलोम-विलोम प्राणायाम करना फायदेमंद होता है। इसके अलावा प्रणव यानी 'ओम' का उच्चारण, अर्ध शीर्षासन, शीर्षासन जैसे योगासन के नियमित अभ्यास से दिमाग में रक्त प्रवाह सुचारु तरीके से होता है, जिससे स्मरण शक्ति बढ़ती है। किसी काम को करने में दिमाग अधिक फोकस्ड रहता है, जिससे तुम किसी भी काम को अच्छी तरह एकाग्रता से कर पाओगे। यानी योग तुम्हें सुपर स्मार्ट बनाता है।

**प्रणव उच्चारण की विधि :** प्रणव उच्चारण में आलती-पालथी मारकर बैठ जाओ और हाथों को ज्ञान मुद्रा में रखो। लंबी गहरी सांस लेते हुए 'ओम' का उच्चारण करो। यह एक तरह का मेडिटेशन है। हो सके तो ओम का उच्चारण तीन हिस्सों में बांटकर करो- आ, ऊ और म। बच्चों, कोई भी योगासन करने से पहले इस बात का ध्यान रखना कि इसे अनुभवी योगा गुरु या प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीखने के बाद ही इनका अभ्यास करना। *



### कब करें योग

बच्चों, तुम अपनी सुविधानुसार सुबह-शाम किसी भी समय योग कर सकते हो। चाहे तो दोनों समय 20-30 मिनट तक योगाभ्यास कर सकते हो।

### योग के विशेष लाभ

**रहेगा वेट पर कंट्रोल :** बच्चों, योग हमारे बॉडी वेट को बैलेंस करने में सहायक होता है। इससे अधिक वजन वाले बच्चे का वजन कम होता है और कम वजन वाले बच्चों का वजन ठीक हो जाता है। यानी योग अधिक वजन वाले और दुबले-पतले, दोनों तरह के बच्चों के लिए फायदेमंद है। योग से मांसपेशियों को ताकत मिलती है, जिससे दुबले बच्चे भी बलवान बन सकते हैं, वहीं दूसरी ओर योग के नियमित अभ्यास से शरीर से फैट कम होता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

**स्ट्रेस होगा कम, बढ़ेगा कॉन्फिडेंस :** योगासन और मेडिटेशन, पढ़ाई, एग्जाम या दूसरी चीजों को लेकर बच्चों में होने वाले स्ट्रेस को कम करने में मदद करता है। डीप ब्रीदिंग के साथ किए जाने वाले विभिन्न योगासनों से फेफड़े मजबूत होते हैं। नियमित प्राणायाम से फेफड़ों की ऑक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता बढ़ जाती है, जिससे शरीर की कोशिकाओं को सही ढंग से ऑक्सीजन मिलने लगती है, इसका पूरे शरीर पर सकारात्मक असर पड़ता है। तन-मन पर नियंत्रण और दिमाग को शांत रहता है। इससे तुम कठिन से कठिन परिस्थिति में शांत रहकर काम कर सकते हो। साथ ही तुम्हारा कॉन्फिडेंस लेवल भी बढ़ता है।

## जीके क्विज-109

1. भारत के अगले थल सेना प्रमुख कौन होंगे?
2. हाल ही में कौन लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं?
3. योग का जनक (फादर ऑफ योगा) किसे कहा जाता है?
4. पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया गया था?
5. दीपा कर्माकर किस खेल के लिए जानी जाती हैं?
6. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
7. कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
8. डुरंड कप किस खेल से संबंधित है?
9. किस देश को 'केक की भूमि' भी कहा जाता है?
10. सेब में कौन सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-109 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-108 का उत्तर :** 1.चंद्रबाबू नायडू और मोहन चरण माझी, 2.ज्योति रात्रे, 3.विटामिन ए, 4.महात्मा गांधी, 5.बाबर, 6.भारत और चीन, 7.बौद्ध धर्म, 8.लैक्टोमीटर, 9.तबला, 10.वुलर झील

**जीके क्विज-108 का सही उत्तर देने वाले :** अजय साहू-धमतरी, मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, बाबला-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-ईमेल से, पिंकी-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, सरबजीत-करनाल, बी आकांक्षा-अहमदाबाद, बी ईशान-अहमदाबाद, दिव्या-रायपुर, समीर-रोहतक

## हंसगुल्ले



**सोनू :** क्या हुआ भाई, उदास क्यों बैठे हो?
**मोनू :** सुबह एक न्यूज चैनल के एंकर ने कहा था, 'आइए, हम आपको गोवा लेकर चलते हैं...।' तभी से तैयार होकर बैठा हूं, लेकिन अभी तक कोई आया ही नहीं।
**-रंजीत, हिसार**

**टीचर :** रोहित, तुम रोज स्कूल आने में लेट क्यों हो जाते हो?
**रोहित :** सर, एक बोर्ड के कारण।
**टीचर :** कैसा बोर्ड?
**रोहित :** रास्ते में एक बोर्ड है, जिस पर लिखा है- 'आगे स्कूल है, कृपया धीरे चलें।'
**-दिव्यम, भोपाल**

**साइंस टीचर :** कौन-सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
**राजू :** बेसन के पकौड़े।
**-तनुजा, बेमेतरा**

कहानी
सरस्वती रमेश

# योग का करिश्मा

शिवा को फास्ट फूड खाने में बहुत मजा आता था। फास्ट फूड खाने के कारण वह फैटी हो गया। फैटी हुआ तो आलसी भी हो गया। उसके मम्मी-पापा चिंतित रहते। इस बीच शिवा अपने मम्मी-पापा के साथ गांव गया। वहां दादा जी भी उसे देखकर चिंतित हुए। लेकिन उन्होंने शिवा की दिनचर्या ऐसी बदली कि एक करिश्मा-सा हो गया।



शिवा को फास्ट फूड खाना बहुत पसंद था। बर्गर, चाउमीन, पिज्जा ये सब चीजें खाने के लिए वह अक्सर ही जिद करता। हालांकि मम्मी को पता था, फास्ट फूड सेहत के लिए अच्छा नहीं है, लेकिन शिवा की जिद के आगे उन्हें झुकना पड़ता। पापा की डांट का भी उस पर कुछ असर नहीं होता। फास्ट फूड खाने से शिवा का वजन लगातार बढ़ रहा था। बढ़े वजन के कारण कोई भी काम करने में उसे थकान महसूस होती। अब तो वह आलस के कारण शाम को खेलने के लिए पार्क भी नहीं जाता था। दिन में घंटों मोबाइल में वीडियो गेम खेलता। मम्मी उसके बढ़ते वजन और मोबाइल की लत से परेशान रहतीं।

इधर कुछ दिनों से शिवा के पेट में अक्सर दर्द उठने लगा था। डॉक्टर ने साफ-साफ शब्दों में आगाह किया, 'शिवा, तुम्हारे डाइजेशन में दिक्कत शुरू हो गई है। फास्ट फूड बिल्कुल नहीं खाना है। साथ ही वेट भी कम करना होगा।'

डॉक्टर की बात सुनकर मम्मी-पापा चिंतित हो गए। उन्हें समझ नहीं आ रहा था शिवा का वजन कैसे कम हो? एक दिन पापा ने शिवा की मम्मी से कहा, 'क्यों न हम लोग कुछ दिनों के लिए गांव हो आएं। शिवा की गर्मियों की छुट्टियां भी चल रही हैं। गांव में शायद उसकी आदतों में कुछ सुधार हो जाए।'

'हां मुझे भी लगता है।' मम्मी ने भी हामी भरी।

चार दिन बाद ही सब गांव आ गए। गांव में दादाजी, चाचाजी और उनके बच्चे रिंकी और सोनू रहते हैं। पहले ही दिन चाची ने दोपहर में सबके लिए स्वादिष्ट खाना बनाया। रोटी में चुपड़ी देसी घी की महक ने खाने के स्वाद को कई गुना बढ़ा दिया। खाना खाकर शिवा बोला, 'इतना स्वादिष्ट तो पिज्जा भी नहीं होता।' शिवा की बात सुनकर सब हंसने लगे।

शिवा का मोटा शरीर देखकर दादाजी को चिंता हुई। उन्होंने शिवा के पापा से इस बारे में बात की। वह बोले, 'हां पिताजी, शिवा का वजन बढ़ना हमारे लिए चिंता की बात है। वजन कम करने के लिए इसे बुरी आदतें छोड़ने के लिए कहता हूं, लेकिन यह मानता ही नहीं।'

दादाजी बोले, 'तुम चिंता मत करो, मैं सब संभाल लूंगा।'

शाम को शिवा अपने चचेरे भाई-बहनों के साथ खेतों में घूमने निकल गया। ठंडी हवा चल रही थी। गांव शिवा को बहुत अच्छा लग रहा था। वहां के माहौल और भाई-बहनों के साथ में वह कुछ यूं रमा कि मोबाइल और वीडियो गेम की उसे सुध ही नहीं रही।

अगले दिन शिवा सुबह जल्दी उठ गया। उसने देखा, दादाजी रिंकी और सोनू के साथ प्राणायाम और योग कर रहे हैं। वह भी उनके पास जाकर बैठ गया। दादाजी उससे बोले, 'योग और प्राणायाम करने से बीमारियां दूर रहती हैं। शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। तुम भी प्राणायाम और योग करो शिवा।'

'मुझसे नहीं होगा।' शिवा बोला।

'कोशिश तो करो।' दादाजी बड़े प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोले।

'जी दादाजी..।' शिवा आसानी से मान गया।

वजन ज्यादा होने से शिवा को योग आसन करने में थोड़ी दिक्कत हुई, लेकिन जब उसने कोशिश की तो प्राणायाम-योग करने लगा।

रोज सुबह योग का अभ्यास करने से जल्द ही उसे कई तरह के आसन अच्छे से आ गए। ताजे फल, दूध, दही, छाछ, हरी सब्जियां खाने से उसकी पाचन क्रिया भी दुरुस्त होने लगी। वह सुबह-शाम बाहर की खुली ताजी हवा में बिताता, जिससे उसकी फिजिकल एक्टिविटी ज्यादा हो रही थी। उसका बढ़ा हुआ वजन तेजी से कम होने लगा। थकान और आलस की समस्या भी दूर हो गई। अब तो वह मजे से दौड़ता, भागता, खेलता। उसके पेट का दर्द भी छूमंतर हो चुका था।

करीब एक माह बाद शहर लौटने का दिन आ गया। शहर जाते समय दादाजी ने शिवा से पूछा, 'गांव में कैसा लगा बेटा?'

'बहुत अच्छा दादाजी। शहर में अब ये सब नहीं मिल पाएगा।' शिवा कुछ दुखी मन से बोला।

दादाजी ने समझाया, 'शहर में भी प्राणायाम और योगासन किया जा सकता है। अनहेल्दी खाने से दूर रहकर हेल्दी डाइट ली जा सकती है, स्वस्थ और फुर्तीला रहा जा सकता है। तुम प्रॉमिस करो, वहां जाकर यहां की अच्छी आदतें भूलोगे नहीं।'

'जी दादाजी, बिल्कुल नहीं भूलूंगा।' शिवा तुरंत बोला।

शिवा में आए इस बदलाव को देखकर मम्मी-पापा की सारी चिंताएं दूर हो गई थीं। दोनों ने अपने बेटे में आए करिश्माई बदलाव के लिए दादाजी को धन्यवाद दिया। वे खुशी-खुशी शिवा को लेकर वापस शहर आ गए। *

कविता
गोविंद भारद्वाज



## योग दिवस

योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।
जाति-धर्म का भेद मिटाकर हम,
सबका ही सहयोग करें।
स्वस्थ रहेगी काया अपनी,
स्वच्छ रहेगा फिर मन।
अभ्यास करो-अभ्यास करो
खर्च न होगा कोई धन।
विश्व गुरु भारत अपना जो
सबको योग सिखलाए।
लाभ मिलेंगे क्या-क्या इससे,
दुनिया को ये बतलाए।
बिछाकर आसन अपना सारे,
दूर सदा हर रोग करो।
योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।

## गिनकर बताओ


बच्चों, दिए गए चित्र में कुछ बच्चे पार्क में योग के अलग-अलग आसन कर रहे हैं। तुम गिनकर बताओ कि चित्र में कुल कितने बच्चे योगाभ्यास कर रहे हैं?



उत्तर-14

## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्षित को पार्क में योगाभ्यास कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। हर्षित को अपने दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## बूझो तो जानें



1
कितने रंग प्रकाश में होते
कहो! कौन वह दानी।
होकर मौन भोर में आए
वह है ज्ञानी, ध्यानी।।

2
कौन दिनेश, मित्र, दिवाकर
कौन भानु है भास्कर जी।
वही विहंगम, अरुण, मार्तंड
वही प्रभाकर दिनकर जी।।

3
कौन अंशुमाली है जग का
कौन रवि और मंदार।
है आदित्य भगत सुखकारी
कौन लुटाए जग को प्यार।।

4
किरणें जिसकी जीवन देतीं
पेड़-पौध को वही संवारे।
स्थिर है पर लगता चलता
अस्थि सबलता करे उजारे।।

-राकेश चक्र

उत्तर : सभी पहेलियों का जवाब है- सूर्य

**खबर संक्षेप**

### अभय 23 को लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

**सिरसा।** इनेलो के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला 23 जून को डबवाली रोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे। इनेलो के जिला प्रेस प्रवक्ता महावीर शर्मा ने बताया कि इस दौरान इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा विशेष रूप से उपस्थित होंगे।

### रिटर्न का झांसा देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने इन्वेस्ट करने पर ज्यादा रिटर्न का झांसा देकर 65299 रुपये धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान बास निवासी मोनू के रुप में हुई है।

### भाविप केशव शाखा ने लगाया योग शिविर

**हिसार।** हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा ने आमजन से आह्वान किया है कि योग को एक दिन की औपचारिकता न समझे और इसे नियमित रूप से अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। यदि हम बीमारियों से दूर रहना चाहते हैं तो इसके लिए हमें नियमित रूप से योगाभ्यास करना पड़ेगा। रणबीर गंगवा गुरुवार को भारत विकास परिषद् की केशव शाख द्वारा सेक्टर 14 में आयोजित योगा शिविर का उद्घाटन करने उपरांत आए हुए नागरिकों को संबोधित किया।

## आमजन गर्मी के साथ बिजली कटों से भी थे परेशान

# जिला के कई स्थानों पर अच्छी बरसात, लोगों को मिली राहत

### तेज आंधी के साथ करीब आधा घंटा चली बरसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के कई स्थानों पर वीरवार देर सायं को अच्छी बरसात हुई। बरसात से आमजन ने राहत की सांस ली है। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया था। पारा करीब 47 डिग्री के आसपास ही टिका हुआ था और बिजली के अघोषित कटों से लोग परेशान थे। अत्याधिक गर्मी से फसल भी जलकर खराब हो गई हैं। वीरवार बाद दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में बादल छा गए। शाम करीब साढ़े 5 बजे से तेज आंधी के साथ बरसात शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक सिरसा शहर में अच्छी बरसात हुई। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग बरसात का आनंद उठाते हुए देखे गए और बच्चों ने भी खूब मस्ती की। बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। जिला के चोपटा, डबवाली, चौटाला सहित कई स्थानों पर हलकी तो कहीं अच्छी बरसात हुई है।



**सिरसा।** सिरसा में तेज आंधी के साथ हुई बरसात का दृश्य।

### प्री मानसून की बौछारों ने भिगोया, धान की रोपाई में तेजी

फतेहाबाद। पिछले दो महीनों से भीषण लू में जी रहे लोगों को वीरवार अलसुबह प्री मानसून की बौछारों ने भिगो दिया, जिससे तापमान में गिरावट आ गई और लोगों के सांस में सांस आई। पिछले कई दिनों से लू से झुलस रही धान की पनीरी को भी इन बौछारों से जीवनदान मिला है। हालांकि दिन निकलते ही तापमान ने फिर अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। वीरवार को दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले कई दिनों से मौसम विभाग ने आज के लिए प्री मानसून की बरसात की भविष्यवाणी कर रखी थी। वीरवार अलसुबह 4-5 बजे के बीच बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हुई लेकिन 5-7 मिनट में ही बौछारें थम गई। प्री मानसून की बारिश की आवाज सुनकर ही लोगों की नींद खुल गई। जब तक लोग बारिश का आनंद लेते, तब तक बारिश रूक गई। हालांकि सुबह का मौसम खुशनुमा रहा। दोपहर बाद तापमान फिर जोर पकड़ने लगा। बारिश से फायदा यह हुआ कि धान की बिजाई में तेजी आ गई। लू से जल रही धान की पनीरी को जीवनदान मिल गया। आज से खेतों में किसानों ने धान की बिजाई तेज कर दी है।

# धरनारत कर्मचारियों ने दी चेतावनी

- बोले-हल न हुआ तो 24 को फूकेंगे पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

हरियाणा पीडब्ल्यूडी कर्मचारी संघ संबंधित हरियाणा राज्य कर्मचारी संघ की जनस्वास्थ्य ब्रांच कालांवाली की ओर से बीती 18 जून से उपमंडल जिला कार्यालय समक्ष धरना-प्रदर्शन जारी है। ब्रांच प्रधान गुरदीप सिंह व सचिव महेंद्र सिंह ने उपमंडल अभियंता पर आरोप लगाते हुए कहा कि फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को न तो सरकारी कार्य करने के लिए टूल किट उपलब्ध करवाई गई और न ही साइडों पर जरुरी सामान दिया जाता। उन्होंने चेताया कि कल 21 जून तक बातचीत से मुद्दों का निपटान नहीं होता तो 24 जून से कार्यकारी अभियंता जनस्वास्थ्य उपमंडल डबवाली के कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन करते उनका पुतला भी फूंका जाएगा।



**सिरसा।** कर्मचारी धरना देकर प्रदर्शन करते हुए।

## जैन स्कूल में मल्टीस्पेशलिटी जांच शिविर 23 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर के नोहरिया बाजार स्थित सेठ सागर मल सुराना जैन कन्या वरष्ठि माध्यमिक विद्यालय में भाविप शाखा सिरसा द्वारा 23 जून को लगाए जा रहे मल्टीस्पेशलिटी चिकत्सिा शिविर को लेकर आचार्य महाप्रज्ञ ट्रस्ट के प्रधान हनुमान मल गुजरानी तथा सचिव सचिन जैन ने ट्रस्ट पदाधिकारियों के साथ बैठक की। हनुमान मल गुजरानी ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से शिविर में पुत्ता व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली से हृदय रोग विशेषज्ञ डा. आर के जायसवालए प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गगनदीप गुप्ता, रीढ की हड्डी, दिमाग न्यूरोस्पाइन के स्पेशलस्टि डॉ. हरमनदीप सिंह बराड़, पैरों एवं टखनों के विशेषज्ञ डॉ. चंदन नारंग 23 जून रविवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नोहरिया बाजार स्थित जैन कन्या वद्यिालय में मरीजों की निशुल्क जांच एवं परामर्श प्रदान करेंगे। इस कैंप में शुगर, बी पीए बी एम डी तथा अन्य आवश्यक टेस्ट भी संस्था की तरफ से निःशुल्क करवाए जाएंगे। इस अवसर पर आचार्य श्री महाप्रज्ञ ट्रस्ट के ट्रस्टी देवेंद्र डागा, सचिव सचिन जैन, मक्खन लाल गोयल, ज्ञान जैन, संजय बोथरा भारत विकास परिषद के पदाधिकारी एवं लेखाकार बलराज गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### झूठे मुकदमा दर्ज करने के नाम पर मांगी रिश्वत

**हिसार।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अर्बन एस्टेट पुलिस थाने में तैनात महिला हेड कांस्टेबल सुमित्रा को 40 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस मामले में दूसरा आरोपी मुंशी फरार है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने केस दर्ज कर लिया है। एंटी करप्शन ब्यूरो के सूत्रों के अनुसार ब्यूरो टीम को शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता व उसके दोस्त के खिलाफ हिसार के अर्बन एस्टेट पुलिस थाने में पिंकी (शिकायतकर्ता के दोस्त की पत्नी) ने शिकायत दी थी। इस मामले में महिला हेड कांस्टेबल सुमित्रा जांच अधिकारी थी। सुमित्रा ने शिकायतकर्ता को फोन किया और थाने में पिंकी द्वारा दी गई शिकायत पर कार्रवाई न करने के बदले में 40 हजार की रिश्वत की मांग की। सुमित्रा ने शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप पर फोन करते हुए कहा कि 40 हजार में से कुछ हिस्सा थाने में कार्यरत मुंशी को भी दिया जाएगा।

# पिता की 26वीं पुण्यतिथि पर लगाया शिविर

- शिविर में 53 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

रक्तदान करके युवाओं के लिए प्रेरणा बने शहर के प्रमुख रक्तदानी हरीश सेठी ने अपने पिता को याद करते हुए उनकी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगाकर लोगों को इस बात के लिए प्रेरित किया कि वह भी अपने बुजुर्गों को इसी प्रकार के सामाजिक कार्य करके याद करें। हरीश के पिता गोबिंद देव सेठी की 26वीं पुण्यतिथि पर यह रक्तदान शिविर वीरवार को ह्यअपनेह्ल एनजीओ के सहयोग से सरकारी अस्पताल के ब्लड सेंटर में लगाया गया। इस शिविर में 53 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस मौके पर एसएमओ डा. सुखवंत सिंह हेयर व डा. गौरव बांसल ने भी शिविर में पहुंच कर रक्तदानियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर लगाकर अपने प्रियजनों को पुण्यतिथि पर याद करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर अपने पिता श्री गोबिंद देव सेठी को याद करते हुए हरीश सेठी ने बताया कि वर्ष 1994 में पापा एक सडक़ हादसे में घायल हो गए थे। इस दौरान उनका रोहतक पीजीआई में इलाज चला, सर्जरी के लिए पापा को रक्त की जरूरत पडी। उनका ब्लड ग्रुप भी रेयर ए-नेगेटिव था, जो बहुत मुश्किल से मिला। लेकिन मेरे पापा ठीक हो गए और यह बात मैं कभी नहीं भूला। वर्ष 1998 में जब मेरे पापा इस दुनिया को अलविदा कह गए तो उस समय मैं छोटा था। लेकिन बाद में मैंने ब्लड डोनेशन की मुहिम को अपने जीवन में ही शामिल कर लिया। हरीश ने बताया कि मेरा ब्लड ग्रुप भी रेयर ए-नेगेटिव है। उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि वह अपने प्रिय जनों की स्मृति में इसी प्रकार के शिविर लगवाएं। इस अवसर पर संस्था सदस्य आशु सिंगला, अंग्रेज सिंह सग्गू, इंद्र शर्मा, डीडी गोयल, करण अरोडा, सुभाष गुप्ता, नवीन नागपाल, सुमित भारती, भारत भूषण वधवा,अमित राज मैहता, संजय मैहता व अन्य लोग मौजूद रहे।




**सिरसा।** शिविर में रक्तदान करता एक व्यक्ति।

# राजकुमार शर्मा ने सांसद सैलजा को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने सांसद कुमारी सैलजा को ज्ञापन सौंपकर सिरसा विधानसभा की समस्याएं व मांगों से रूबरू करवाया। राजकुमार शर्मा ने सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि जब कुमारी सैलजा स्वयं 1991-96 में सिरसा की सांसद थी, तब गांव फूलकां में 100 एकड़ भूमि में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का रीजनल सेंटर खोला गया था। परिणामस्वरूप सिरसा में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की स्थापना हुई लेकिन फूलकां में आज भी 100 एकड़ का विशाल भवन खाली है, जहां सांसद अपने प्रयासों से रोजगार प्रदान करने वाला कोई संस्थान एवं व्यावसायिक संस्थान खुलवा सकती हैं। उन्होंने कहा कि सिरसा में थेहड़ विस्थापितों को आज तक न्याय नहीं मिला। 85 एकड़ भूमि पर पुरातत्व विभाग ने दावा किया था और हाईकोर्ट के आदेश पर वर्ष 2017-18 में 31 एकड़ भूमि खाली करवाकर 753 परिवार को हाउसिंग बोर्ड के फ्लैट्स में शफ्टि किया गया था लेकिन आज तक उन्हें न तो स्थाई आवास दिया गया और न ही आवासीय प्लॉट प्रदान किए गए। सिरसा में मेडिकल कॉलेज की घोषणा हुई और सरकार ने नामकरण करते हुए बाबा सरसाईनाथ नाम भी रखा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिलान्यास किया था लेकिन सरकार ने सिवाय नाम का बोर्ड लगाने के अतिरिक्त एक ईंट तक यहां नहीं लगाई। शर्मा ने लिखा है कि राज्य सरकार पर दबाव बनाकर इसका नर्मिाण कार्य शुरू कराया जाए। गांव धिंगतानिया सहित 15 गांवों के लोग धिंगतानिया खरीफ चैनल की मांग करते आ रहे हैं लेकिन सरकार इस मामले में गुमराह कर रही है। खरीफ चैनल के निर्माण की मांग के बाद 15 गांव के लोगों को सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। बठिंडा-हिसार-सिरसा रेल मार्ग पर वंदे मातरम ट्रेन सेवा शुरू होने से लोगों को राहत मिलेगी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में रेल मंत्री मल्लिकार्जुन खडग़े ने रोहतक-महम-हांसी रेल लाइन के लिए मंजूरी की थी, जोकि पूर्ण हो गई है। इस मार्ग पर ट्रेन खास तौर पर वंदे मातरम ट्रेन शुरू करवाई जाए, ताकि लोगों को राहत मिले। चत्तरगढ़पट्टद्दी बाइपास को डबवाली रोड से जोडऩे वाली सडक़ के रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाया जाए व पुरानी कचहरी रोड पर स्थित रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाया जाए।




**सिरसा।** राज कुमार शर्मा सांसद कुमारी सैलजा को ज्ञापन सौंपते हुए।

## शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय कुश्ती अखाड़ा 23 व 24 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कुश्ती में जिला कुमार, जिला कुमारी व जिला केसरी के लिए 23 व 24 जून को जिला स्तरीय कुश्ती अखाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभन्नि आयु वर्ग व भार वर्ग के लडक़े व लड़कियां पहलवान भाग लेंगी। कुश्ती अखाड़ा का आयोजन शहीद भगत सिंह स्टेडियम में किया जाएगा। यह जानकारी जिला खेल अधिकारी सुरनद्रिजीत सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि लड़को के जूनियर व सीनियर श्रेणी में कुल 60 वजनों में नम्नि आयु वर्ग व वेट कैटेगरी अनुसार अखाड़ा करवाया जाएगा। अंडर 17 आयु वर्ग की फ्री स्टाइल व ग्रीको रोमन में 41 से 110 किलोग्राम वर्ग, अंडर-21 में फ्री स्टाइल, ग्रीक रोमन कुश्ती व सीनियर फ्री स्टाइल में 57 से 125 किलोग्राम भार वर्ग तथा सीनियर ग्रीक रोमन कुश्ती में 55 से 130 किलोग्राम भार वर्ग में अखाड़ा करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुरुष वर्ग में फ्री स्टाइल व ग्रीको रोमन में जिला कुमार के लिए 74 किलोग्राम भार तक तथा जिला केसरी के लिए 74 किलोग्राम भार से ऊपर वजन के पहलवान भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि लड़कियों में अंडर-17 आयु में 36 से 73 किलोग्राम भार वर्ग व अंडर-21 आयु वर्ग में 50 किलोग्राम से 76 किलोग्राम भार वर्ग में अखाड़ा करवाया जाएगा। इसी प्रकार सीनियर की श्रेणी में 50 किलोग्राम से 76 किलोग्राम भार वर्ग तक की लड़कियों में कुश्ती अखाड़ा करवाया जाएगा। महिला वर्ग में जिला कुमारी के लिए फ्री स्टाइल में 62 किलोग्राम भार तक तथा जिला केसरी के लिए 62 किलोग्राम भार से ऊपर की खिलाड़ी भाग लेंगी।

## नाथूसरी चौपटा में एफएलएन के अंतर्गत बीपीआईयू बैठक आयोजित

- कार्यक्रम के अंतर्गत बीआरपी व एबीआरसी सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चौपटा

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नाथूसरी चौपटा में एफएलएन के अंतर्गत जून माह की बीपीआईयू बैठक का आयोजन किया गया व लीड कार्यक्रम के अंतर्गत बीआरपी व एबीआरसी सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी रामचन्द्र गोदारा ने की। बैठक में विशेष वक्ता लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन के जिला प्रबंधक जितेंद्र नेगी ने पावरपोईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से एफएलएन से जुड़ी भवष्यि की योजना बताई। खंड कोऑर्डिनेटर डॉ. मनोज त्यागी ने मीटिंग के एजेंडे पर वस्तिार से चर्चा करते भविष्य की योजना के बारे जानकारी दी। बैठक के दौरान एबीआरसी अनिल बाना, सुमन देवी, सोनम, सविता ने बेस्ट प्रैक्टिस की प्रस्तुति दी। इस दौरान एबीआरसी मनिंदर कौर का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी रामचन्द्र गोदरा व अन्य कर्मचारियों ने एबीआरसी मनन्दिर कौर को जन्मदिन की बधाई दी व उज्जवल भवष्यि की कामना की। कार्यक्रम में एससीईआरटी हरियाणा द्वारा नेतृत्व वृद्धि और शैक्षणिक कार्यक्रम (लीड) के अंतर्गत आयोजित ऑनलाईन कोर्स पूर्ण करने वाले बीआरपी व एबीआरसी सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया 7 खंड शिक्षा अधिकारी नाथूसरी चौपटा रामचन्द्र गोदारा ने सभी को प्रमाण पत्र वितरित किए व कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी। इस मौके पर हनुमान कालेरा, शंकर शर्मा, संदीप नुहिया, अमित चौहान, सुशीला, कमलेश, बसंती, सानिया, रंजना, सुमन, रायसिंह, नर्मिल, सीता आदि मौजूद रहे।

## बिजली कटों से जनता परेशान अधिकारी नहीं कर रहे सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

वद्यिुत निगम सिरसा के अधिकारियों की ढिलाई की वजह से बिजली उपभोक्ता इन दिनों भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। शहरी एरिया में कई-कई घंटों तक बिजली गुल रहती है। उपभोक्ताओं की शिकायत दर्ज करने के लिए बनाए गए कस्टमर केयर सेंटर पर वैसे तो आधा दर्जन फोन लगाए गए है लेकिन पब्लिक की सुनवाई ही नहीं होती। बिजली कट पर उपभोक्ता घंटों नंबर डायल करते रहते हैं लेकिन फोन बिजी रहते है। निगम के आला अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बावजूद आज तक इसमें कोई सुधार नहीं किया गया। शहर के नोहरिया बाजार में हर रोज बिजली कट लगता है। शिकायत दर्ज करने को फोन करते हैं लेकिन फोन बिजी मिलता है। दोपहर से गुल बिजली देर रात्रि तक बहाल नहीं हुई। इसी प्रकार कभी बेगू रोड, कभी हिसार रोड, शहर के विभन्नि एरिया में हर रोज बिजली कट की समस्या रहती है। भीषण गर्मी में लोगों का जीना वैसे ही मुहाल हो चुका है।

**कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल**

सिरसा में बिजली की समस्या व अघोषित कट के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा द्वारा 21 जून सुबह 11 बजे बस स्टेंड के नजदीक स्थित वद्यिुत निगम में एसई कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए स्वयं राजकुमार शर्मा ने कहा कि सिरसा में गर्मी निरंतर बढ़ रही है। सिरसा को देश का सबसे गर्म इलाका भी आंका गया है। ऐसे समय में जहां 24 घंटे बिजली आपूर्ति होनी चाहिए, वहां वद्यिुत निगम अघोषित कट लगा रहा है जिससे बिजली की समस्या हो रही है। इसी के विरोध में 21 जून सुबह 11 बजे धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## पीपीपी में त्रुटियां दुरुस्त करने को लगभग 200 ने लगाई फरियाद, 140 का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

जाखल नगरपालिका में 14 से 22 जून तक चल रहे समाधान शिविर के माध्यम से परिवार पहचान पत्र में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। आला अधिकारियों के निर्देशों पर सीएससी जनरल मैनेजर सहित अध्यापक, कम्प्यूटर ऑपरेटर की पूरी टीम द्वारा शिविर के दौरान आमजन की शिकायतों का तय समय अवधि में निपटान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। यहीं नहीं, परिवार पहचान पत्र, पेंशन आदि की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का पूर्ण प्रयास किया जाता है। नपा में आयोजित शिविर में जिम्मेदार अधिकारियों ने बताया कि इस आयोजित शिविर में अब तक 200 के लगभग नागरिकों की शिकायतें सामने आई हैं। इसमें से 140 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया है। जाखल नगरपालिका में लगे शिविर में क्षेत्रीय प्रबंधक लवली कुमार ने बताया कि पूरी टीम जिसमें अध्यापक राजेश कुमार, सतीश, जोनी, नरेश, सुरेंद्र, रूपेश आदि द्वारा संभव होने पर लोगों की शिकायतों का मौके पर निवारण व दर्ज भी कर रहे हैं।



**जाखल।** नगर पालिका में लोगों को परिवार पहचान पत्र में आ रही समस्याओं का निवारण करते अधिकारी

### 119 शिकायतों का मौके पर किया निपटारा

# समाधान शिविर बना समस्याओं के निदान की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिस प्रकार से समाधान शिविर में मौके पर ही या एक-दो दिन बाद लोगों की समस्या का समाधान हो रहा है। इससे समाधान शिविर समस्याओं के निदान की गारंटी बन रहा है। बृहस्पतिवार को भी समाधान शिविर लगाकर उपायुक्त आर.के सिंह ने आमजन की समस्याओं को सुना और समाधान के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। शिविर में 119 शिकायतें आई, जिनमें से उपायुक्त ने कई का मौके पर ही निदान कर दिया, जबकि अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया।

समाधान शिविर में एक महिला अपनी अलग फैमली आईडी बनवाने की समस्या को लेकर पहुंची। उनका कहना था कि मेरा अपने पति से तलाक हो चुका है। अलग फैमली आईडी ना होने के चलते उनको कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उपायुक्त के समक्ष उसने अपनी समस्या को रखा। मौके पर ही उपायुक्त के निर्देशानुसार उनकी अलग फैमली आईडी बनवा दी गई। इसी प्रकार बुढाबाणा के सतपाल का भी फैमली आईडी में गलत पता होने की समस्या थी। समाधान शिविर में सतपाल ने अपनी समस्या को रखा और उपायुक्त ने मौके पर ही समस्या का समाधान करवाया। समाधान शिविर में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए बैठने, पेयजल आदि की व्यवस्था की गई है। इसी कड़ी में उपायुक्त के आदेशानुसार सभी को मीठा पानी पिलवाया गया। आमजन के लिए समाधान शिविर में पानी के मटके व कैंपर रखवाए गए हैं, ताकि गर्मी में पेयजल को लेकर कोई असुविधा ना हो। समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, एसडीएम राजेंद्र कुमार, डीएमसी सुरेंद्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



**सिरसा।** समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते उपायुक्त आरके सिंह।

## खबर संक्षेप

### 60 वाहन चालकों के काटे गए चालान

**फतेहाबाद।** सड़क सुरक्षा व हादसों को रोकने के लिए गलत ढंग से लेन चेंज करके वाहन चलाने वालों के खिलाफ जिला पुलिस की तरफ से चलाये जा रहे विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत जिला यातायात पुलि की तीन टीमों ने तीन अलग-अलग जगहों पर यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर कार्रवाई करते हुए 60 चालान किये तथा साथ ही उन्हें यातायात नियमों की पालना करने बारे प्रेरित भी किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत लेन चेंज तथा ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ आज जिला में 3 जगहों पर पुलिस टीमों को तैनात किया गया।

### महिला 4.10 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**डबवाली।** एंटी नारकोटक्सि सेल ने गश्त के दौरान प्रेम नगर क्षेत्र से एक महिला को 4 ग्राम 10 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एंटी नारकोटक्सि सेल प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि एएसआई रणजोध सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान डबवाली से प्रेमनगर रोड पर गांव अलीका की ओर जा रहे थे। इस दौरान प्रेम नगर पहुंचे तो एक महिला पुराना शराब ठेका के पास खड़ी थी। महिला ने पुलिस की गाड़ी को देखकर मौके से खिसकने का प्रयास किया। उन्होंने शक के आधार पर महिला एसपीओ अमरजीत कौर की सहायता से उक्त महिला को काबू करके तालशी ली तो उसके कब्जा से 4 ग्राम 10 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी महिला की पहचान मौजगढ़ हाल डबवाली के रुप में हुई है।

### प्राकृतिक खेती पर ज्यादा काम करें अधिकारी

**फतेहाबाद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केन्द्र फतेहाबाद द्वारा 26वीं वैज्ञानिक सलाहाकार समिति की बैठक का आयोजन केन्द्र पर किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने की। बैठक में एचएयू से कृषि वैज्ञानिक, विभिन्न विभागों से अधिकारी व प्रगतिशील किसानों जोकि इस सलाहाकार समिति के सदस्य है, ने भाग लिया और अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. संतोष कुमार सिंह ने निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, वरिष्ठ समन्वयक डॉ. बिजेन्द्र सिंह रहे।

### नियमों की अवहेलना पर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल वश्विद्यािलय लगातार भारत सरकार व यूजीसी व मानकों को ताक पर रखकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। सूर्य क्रांति युवा क्लब सिरसा के अध्यक्ष मनोज मेहरा ने गत दिवस सिरसा जिले की नवनर्विाचित सांसद कुमारी सैलजा को ज्ञापन सौंप कर सीडीएलयू की कार्य प्रणाली से अवगत करवाया। मेहरा ने बताया कि चौधरी देवीलाल वश्विद्यिालय की किसी भी भर्ती चाहे टीचिंग हो, नॉन टीचिंग हो, कॉन्ट्रैक्ट, पार्ट टाइम या ठेका प्रथा से हुई भर्ती तथा शोध के लिए पीएचडी दाखिलों में भी आरक्षण के नियमों की अवहेलना लगातार पिछले काफी समय से की जा रही है।

### पीर बाबा खैरदीन का सालाना मेला 23 को

**फतेहाबाद।** गांव हिजरावां कलां स्थित पीर बाबा खैरदीन टिब्बा पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पीर बाबा खैरदीन टिब्बे वाली सरकार का सालाना जोड़ मेला धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। 23 जून रविवार को लगने वाले इस जोड़ मेले को लेकर जहां मेला प्रबंधक कमेटी द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं वहीं इसको लेकर श्रद्धालुओं में भी काफी उत्साह है। हर साल भारी संख्या में श्रद्धालु इस मेले में भाग लेने पहुंचते हैं और पीर बाबा के समस्त नतमस्तक होकर मनोकामनाएं मांगते हैं। यह जानकारी देते हुए मेला प्रबंधक कमेटी के प्रधान संतोख सिंह, काबिल सिंह, जोगिन्द्र सिंह व सदस्य हरजिन्द्र सिंह जिंदी ने बताया कि इस मेले में जीवन जईया, पप्पा यमला आदि रहे।

# गांव खारी सुरेरां में पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले नशा तस्कर के घर पर चला बुलडोजर, अफरा-तफरी

**नशा तस्करों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा: एसपी**

**डीएसपी ऐलनाबाद व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल कार्रवाई में रहा शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला पुलिस द्वारा जहां नशा तस्करों की धरपकड़ की जा रही है वहीं नशा के सौदागरों द्वारा नशे से अर्जित की गई काली कमाई तथा उनके द्वारा पंचायती जमीन पर किए गए अवैध कब्जों पर भी पीला पंजा चलाना शुरु कर दिया है। पुलिस प्रशासन ने स्थानीय प्रशासन के सहयोग से गांव खारी सुरेरां निवासी नशा तस्कर सुखदेव सिंह उर्फ सुखा पुत्र मोहन लाल निवासी गांव खारी सुरेरां के द्वारा अवैध रूप से पंचायती जमीन पर कब्जा कर निर्मित किए गए मकान पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नशा तस्कर पर शिकंजा कसने के लिए जिला पुलिस द्वारा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह कार्रवाई की गई है,और भवष्यि में भी नशा तस्करों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ा एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त नशा तस्कर गांव खारी सुरेरां निवासी सुखदेव सिंह के खिलाफ ऐलनाबाद थाना में कुल 18 अभियोग दर्ज है, जिनमें 5 अभियोग मादक पदार्थ अधिनियम के तहत जबकि 13 अभियोग आबकारी अधिनियम,चोरी, मारपीट तथा शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज है।

**नशा तस्कर है जेल में बंद**

नशा तस्कर सुखदेव सिंह उर्फ सुखा फिलहाल पिट एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल में बंद है। पुलिस अधीक्षक वक्रिांत भूषण ने बताया कि डीएसपी ऐलनाबाद संजीव बल्हारा, ड्यूटी मैजस्ट्रिेट तहसीलदार अमीत सहू व बीडीपीओ रोशन लाल तथा थाना प्रभारी ऐलनाबाद संदीप कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में इस कार्रावई को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से इस कार्रावाई में ऐलनाबाद,रानियां तथा पुलिस लाइन सिरसा से पुलिस जवानों तथा महिला पुलिस की टीमों को शामिल किया गया था। नशा तस्कर सुखदेव सिंह उर्फ सुखा पुत्र मोहन लाल निवासी गांव खारी सुरेरां जिला सिरसा ने करीब 250 गज पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान बना रखे थे, जिनको स्थानीय प्रशासन के सहयोग से जेबीसी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक वक्रिांत भूषण ने कहा कि नशे का कारोबार करने वालों व उन्हे संरक्षण देने वालो के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।



सिरसा। नशा तस्कर सुखदेव पंचायती जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से बनाया गया घर तोड़ती जेसीबी मशीन।

**नशा मुक्त भारत पखवाडा के तहत पुलिस ने चलाया अभियान**

# पुलिस ने एक हजार युवाओं को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मनाया जा रहा है। नशे के खिलाफ शुरू किए गए इस विशेष अभियान के तहत जिला स्तर पर पुलिस टीमें गांव व कस्बा स्तर पर आमजन एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव बारे लगातार जागरूक कर रही है। नशा मुक्त पखवाड़ा अभियान के नोडल अधिकारी एवं डीएसपी मुख्यालय जयपाल सिंह ने बताया कि जिला पुलिस की 4 टीमों ने 4 अलग-अलग स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर करीब 1000 लोगों को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव बारे जागरूक किया है। उन्होंने कहा कि थाना सदर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक ओम प्रकाश, थाना सदर टोहाना, थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह, कुलां पुलिस चौकी प्रभारी भान सिंह की 4 टीमों ने चौक चौराहा एवं खेल के मैदानों में जाकर आमजन, माता-पिता व उनके बच्चों से मिलकर नशे से बचने हेतु जागरूक किया। साथ ही उन्हें नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई। पुलिस की इन टीमों ने लगभग 1000 लोगों को इस अभियान में



फतेहाबाद। ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाते पुलिस अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## महिलाओं का सशक्तिकरण होना बेहद जरूरी: दर्शना सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

महिलाएं सशक्त होंगी, तो वे अपने जीवन से जुड़ी सभी फैसले स्वयं लेने में सक्षम बनेंगी। इसके लिए जरुरी है कि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरुक हों और आत्मनर्भिर बनने की ओर अग्रसर हों। यह बात जिला कार्यक्रम अधिकारी डा.दर्शना सिंह ने वीरवार को विभाग की ओर से मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान कही। कार्यक्रम में स्वयं समूह सहायता समूह व किसान महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढाओ की शपथ भी दिलवाई गई। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देने के



सिरसा। महिलाओं को नशे के खिलाफ शपथ दिलाती डा. दर्शना सिंह।

साथ ही उनके कर्तव्यों बारे भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यदि महिला सशक्त है तो वह अपने जीवन से जुड़े सभी फैसले स्वयं ले सकती है। महिला का सशक्त होना उसे समाज में उनके वास्तविक अस्तत्वि को बनाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए महिलाओं को समान वेतन, कार्य-स्थल में उत्पीडन के खिलाफ कानून, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ कानून आदि अधिकार दिए गए हैं। कृषि वज्ञािन केन्द्र से विशेषज्ञ डा. रेणु ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण समाज का मजबूत व सशक्त बनाने का आधार है। उन्होंने महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक प्रारूप को वारस्ति करते हुए महिलाओं की आकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला थाना सिरसा से दर्शना देवी ने महिलाओं को क्राइम, महिला हेल्पलाइन, यातायात नियमों व सुरक्षा संबंधी कानूनी पहलूओं की जानकारी दी।

# अब रोज लग रहे हैं समाधान शिविर, जनता को लाभ

- भाजपा नेताओं के मुताबिक पब्लिक को शिविरों का मिल रहा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

प्रदेश सरकार के नर्दिश पर जिला व मंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन को राहत देने का काम रहे हैं। इस कड़ी में डबवाली प्रशासन द्वारा भी प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। वीरवार को भाजपा के जिला महामंत्री एवं राजकीय कष्ट निवारण समिति के सदस्य सतीश जग्गा ने अन्य पार्टी नेताओं के साथ डबवाली के उपमंडल अधिकारी (ना.) कार्यालय में आयोजित शिविर में पहुंच कर लोगों से बातचीत की। इस संबंध में सतीश जग्गा ने बताया कि नागरिकों को एक ही जगह पर सभी अधिकारी मिलने से बड़ी राहत मिली है क्योंकि एक समस्या को लेकर अलग-अलग कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ते और लोगों की समस्याओं का मौके पर ही अधिकारियों द्वारा हल निकाला जा रहा है। समाधान शिविर का उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को व्यवस्थित करना और लोगों की चिंताओं का समय पर समाधान सुनश्चिति करना है। एक ही स्थान पर सभी विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में त्वरित गति से समस्याओं का समाधान हो रहा है। प्रत्येक शिकायत को शिकायतकर्ता की पीपीपी आईडी, संबंधित विभाग और शिकायत के विवरण के साथ नोट किया जा रहा है। नीतिगत मामलों से जुड़ी शिकायतों को स्पष्ट रूप से चह्निति किया जा रहा है ताकि नियमानुसार उन पर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों का लाभ उठाएं। इस दौरान भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी विकास कालुआना, कृष्ण कामरा, बलकरण सिंह, सुनील जिंदल व सुरेंद्र बर्तन वाले मौजूद थे। वीरवार को उपमंडल अधिकारी नागरिक अभय जांगड़ा की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में पुलिस उपाधीक्षक किशोरी लाल, नायब तहसीलदार रणवीर सिंह, ईओ नगर परिषद सुरेंद्र कुमार, एसडीओ इरिगेशन मुकेश कुमार, एसडीओ बिजली बोर्ड प्रदीप बाना, फूड सप्लाई से बलकरण सिंह व क्रिड से सूरज चावला ने लोगों की शिकायतों का समाधान किया।

### लोकसभा में मिली पराजय के बाद एक्शन में आई सरकार

लोकसभा चुनाव में भाजपा को क्षेत्र में मिली पराजय के बाद कार्यकर्ताओं से लिए गए फीडबैक के बाद सरकार ने सरकारी दफ्तरों में समाधान शिविर लगाने शुरू किए हैं। जहां तक डबवाली उपमंडल की बात है यहां के सरकारी दफ्तरों की लाल फीताशाही और कथित भ्रष्टाचार के चर्चे पूरे प्रदेश में गूंजते थे। छोटे-छोटे काम करवाने के लिए भी लोग कई दिनों तक सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते थे। अब समाधान शिविर लगने से लोगों को कुछ राहत मिली है। विधानसभा चुनाव सिर पर हैं, ऐसे में भाजपा के नेता भी इन शिविरों पर नजर रखें हुए हैं, ताकि परेशान पब्लिक लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी फिर से वोटो की मार न कर दे।

# नशामुक्त घोषित किए गए छह गांवों के सरपंच हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक वक्रिांत भूषण ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सभी ग्राम पंचायतें अग्रणी भूमिका निभाएं ताकि समाज को पूरी तरह से नशामुक्त किया जा सके। एसपी वक्रिांत भूषण वीरवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त घोषित किए गए ऐलनाबाद थाना के 6 गांवों के सरपंचों तथा सरपंच प्रतिनिधियों को सम्मानित करने के दौरान बोल रहे थे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने नशामुक्त घोषित किए गए 6 गांवों मर्जिापुर के सरपंच प्रतिनिधि गुरमेल सिंह, ठोबरिया सरपंच अंग्रेज सिंह, अमृतसर कलां सरपंच मंगतराम, अमृतसर खुर्द सरपंच दलजीत सिंह, बुढीमेड़ी के सरपंच सुखवाज तथा प्रतापनगर के सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह को पुलिस विभाग की ओर से स्मृति चन्हि देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने जिला की अन्य ग्राम पंचायतों से भी आह्वान करते हुए कहा कि वे भी नशामुक्त गांवों को अपना रोल मॉडल मानकर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग करें।



सिरसा। नशामुक्त घोषित किए 6 गांवों के सरपंच को सम्मानित करते एसपी विक्रांत भूषण।

# बलराज हत्याकांड में अन्य तीन आरोपी धरे

- तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद अनिल को पुलिस रिमांड पर भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सतीश कालोनी के समीप बलराज उर्फ गोली की गोली मारकर हत्या करने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने तीन और आरोपियों को काबू कर लिया है। पकडे. गये आरोपियों की पहचान अमन पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी उजलवास, धीरज उर्फ बिल्ली पुत्र ओम प्रकाश निवासी भाटिया कालोनी फतेहाबाद व अनिल कुमार पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी अकांवाली हाल उजलवास के रूप में हुई है। पकडे गये तीनो आरोपियों को वीरवार को अदालत में पेश किया गया है, जहां से अनिल को पुलिस रिमांड पर लिया गया है जबकि दो अन्य को हिसार जेल भेज दिया है। बता दें कि 15 जून को अपैक्स स्कूल के सामने, शनि मंदिर के पास मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने बलराज उर्फ गोली पर रंजिशन गोलियां चला दी थी। उस समय बलराज के साथ उसकी पत्नी भी गाड़ी में थी लेकिन वह बाल-बाल बच गई। इस हमले में गोली लगने से घायल बलराज ने हिसार के अस्पताल में दम तोड़ दिया था। इस हत्याकांड के बाद शहर में तनाव की स्थिति बन गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए शहर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपियों को काबू करने के लिये पुलिस की 5 टीमें गठित की गई। पुलिस आरोपियों के खिलाफ सबूत जुटाती हुए 16 जून को ही प्रवीण कुमार उर्फ गांधी व रवि कुमार पुत्र रमेश कुमार व 17 जून को लवकुश उर्फ लवली को काबू कर लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने हत्या के मामले में तीन अन्य आरोपियों अमन, धीरज उर्फ बिल्ली व अनिल कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी धीरज उर्फ बिल्ली उक्त ने वारदात के मास्टर माईंड बलराज उर्फ बल्लू को मोटर साइकिल मुहैया करवाई तथा आरोपी अमन व अनिल कुमार ने शरण देकर भगाने में मदद की। अनिल कुमार ने वारदात से पहले 10 हजार रुपये आरोपी बलराज उर्फ बल्लू को फोन पे किये थे।



फतेहाबाद। पुलिस हिरासत में बलराज हत्याकांड में गिरफ्तार तीनों आरोपी।

**थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चलाया नशामुक्ति अभियान**

# पुलिस ने लोगों को नशे से होने वाले नुकसान बताए

**नशा समाज के लिए गंभीर समस्या है और इसे समाप्त करने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा: थाना प्रभारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर तथा गांव आपकी विरासत है, इसलिए इस विरासत को पूरी तरह संभाल कर रखें। शहर तथा गांव को पूरी तरह नशा मुक्त करने के लिए सभी शहर व ग्रामीण निवासी इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाए। नशा समाज के लिए गंभीर समस्या है और इसे समाप्त करने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा। नशा अपराधों की जड़ भी है, इसलिए पुरी तरह नशा मुक्त एवं अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अहम जम्मिेदारी निभानी होगी। यह बात बड़ागुढा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष पखवाड़े के दौरान गांव वीरुवालागुढा में पहुंचकर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। इसके अलावा शहर सिरसा के गौशाला मौहल्ला में पंहुचे शहर थाना प्रभारी राजा राम ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जिसको पूरी तरह से जड़मूल से समाप्त करने के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आकर लड़ाई लडऩी होगी। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक के नर्दिश पर युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए लगातार खेल गतिविधियों के माध्मय से उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने शहरवासियों से कहा कि अगर कोई युवा नशे की चपेट में आ गया है, तो पुलिस प्रशासन को सूचित करें ताकि स्थानीय प्रशासन से उसका ईलाज करवाकर उसे समाज की मुख्य धारा में लाया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए महिला थाना प्रभारी घनश्याम देवी ने कहा कि नशा मनुष्य को आर्थिक व मानसिक रूप से पूरी तरह से बर्बाद कर देता है, इसलिए युवा खुद नशे से दूर रहें तथा जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में बढ़-चढक़र भाग ले, ताकि इस अभियान को शत- प्रतिशत सफल बनाया जा सके।




सिरसा। महिला थाना प्रभारी महिलाओं को नशे के खिलाफ जागरुक करते हुए।

### उपायुक्त कार्यालय में स्टैनोग्राफर हिंदी व अंग्रेजी तथा कोपा ट्रैड्स पर रखे जाएंगे अप्रैंटिस

**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत उपायुक्त कार्यालय, फतेहाबाद में विभिन्न ट्रैड्स पर अप्रैंटिस रखे जाएंगे। इसके लिए आईटीआई पासशुद्धा अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए है। इच्छुक अभ्यर्थी 28 जून तक अप्रैंटिसशिप इंडिया पोर्टल पर अपने आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। नगराधीश कैप्टन परमेश सिंह ने बताया कि उपायुक्त कार्यालय में स्टैनोग्राफर हिंदी व अंग्रेजी तथा कोपा ट्रेड में आईटीआई पास छात्रों को अप्रैंटिस हेतू एक वर्ष की समयावधि के लिए रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टैनोग्राफर हिंदी में 8, अंग्रेजी में 3 तथा कोपा में 6 अप्रैंटिस लिए जाएंगे। सीटीएम ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अप्रैंटिसशिपइंडिया डॉट जीओवी डॉट आईएन पोर्टल पर 28 जून तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा दस्तावेजों की एक प्रति 3 जुलाई तक लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित उपायुक्त कार्यालय की स्थापना शाखा के कमरा नंबर 28 में जमा करवानी होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005